अभियंता प्रमुख का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना।

सकारण आदेश

संवेदक **Prem Shankar Prabhakar,** **(निबंधन सं0–4190067/4180037)**, Ward No 3, Vill+Po-Tenghraha, Ps-Bheja, Dist-Madhubani, Bihar, Pin- 847408 को **कार्य प्रमण्डल**, बेनीपुर के अधीन योजनाशीर्ष **MMGSY(SC)** अन्तर्गत **L033 to Karnsagar Bhinda** तक का कार्य आवंटित था, जिसका एकरारनामा सं0–90SBD/2020-21 है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि–29.08.2020 एवं कार्य समाप्ति की तिथि–14.12.2021 है।

उक्त पथ का निर्माण कार्य एकरारनामा के अनुसार निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण नहीं करने के कारण कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, बेनीपुर एवं अन्य क्षेत्रीय पदाधिकारियों द्वारा बार–बार निदेशित करने के बाद भी **संवेदक Prem Shankar Prabhakar** द्वारा उक्त कार्य में कोई प्रगति नहीं किया गया। पुनः कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, बेनीपुर ने अपने ज्ञापांक–1694 दिनांक–17.11.2023 द्वारा एकरारनामा सं0–90SBD/2020-21 को विखंडित कर दिया गया। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, बेनीपुर के पत्रांक–1693 दिनांक–17.11.2023 एवं अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, दरभंगा के पत्रांक–2299 अनु0 दिनांक–23.11.2023 मुख्य अभियंता–3, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–6805 अनु0 दिनांक–28.11.2023 द्वारा उक्त संवेदक के **निबंधन संख्या–4190067/4180037** को कालीसूची में शामिल करने हेतु अनुशंसा की गई।

उपरोक्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक–6471 दिनांक–21.12.2023 द्वारा पन्द्रह दिनों के अंदर संवेदक से स्पष्टीकरण की मांग की गयी। अपेक्षित समय बीत जाने के बाद भी संवेदक द्वारा अपना बचाव–ब्यान समर्पित नहीं किया गया। पुनः विभागीय पत्रांक–1819 दिनांक–06.05.2024 द्वारा स्मारित किया गया, फिर भी उक्त संवेदक द्वारा अपना बचाव–ब्यान समर्पित नहीं किया गया। फिर विभागीय पत्रांक–2897 दिनांक–29.08.2024 द्वारा संवेदक को अपना पक्ष रखने हेतु अंतिम रूप से स्मारित किया गया, फिर भी संवेदक द्वारा अपना बचाव–ब्यान विभाग को समर्पित नहीं किया गया। इससे स्पष्ट होता है कि संवेदक को इसके बारे में कुछ नहीं कहना है।

अतएव विभागीय समीक्षोपरान्त बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली–2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) की अधिसूचना सं0–8123 दिनांक–19.12.2007 की कंडिका 11(क)(VI) के आलोक में संवेदक **Prem Shankar Prabhakar,** Ward No 3, Vill+Po-Tenghraha, Ps-Bheja, Dist-Madhubani, Bihar, Pin- 847408 के **(निबंधन सं0–4190067/4180037)** को अगले 03 (तीन) वर्षों के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

(श्रीप्रकाश)
अभियंता प्रमुख

288

ज्ञापांकः—मु0अ0—4(मु0)कालीसूची—10—85 / 2023 - 3215 / पटना, दिनांकः—14/10/2024

प्रतिलिपिः—अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना / जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना / नगर विकास विभाग, बिहार, पटना / उर्जा विभाग, बिहार, पटना / कृषि विभाग, बिहार, पटना / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना / जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना / प्रबध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना से सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः—मु0अ0—4(मु0)कालीसूची—10—85 / 2023 - 3215 / पटना, दिनांकः—14/10/2024

प्रतिलिपिः—सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव / विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना / सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः—मु0अ0—4(मु0)कालीसूची—10—85 / 2023 3215 / पटना, दिनांकः—14/10/2024

प्रतिलिपिः—प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा—14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक / आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः—मु0अ0—4(मु0)कालीसूची—10—85 / 2023 - 3215 / पटना, दिनांकः—14/10/2024

प्रतिलिपिः—संवेदक **Prem Shankar Prabhakar,** (निबंधन सं0—4190067/4180037), Ward No 3, Vill+Po-Tenghraha, Ps-Bheja, Dist-Madhubani, Bihar, Pin- 847408 को सूचनार्थ प्रेषित।

अभियंता प्रमुख